आवश्यक / महत्वपूर्ण

संख्याः 971/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्ध इकाई,
पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि,
उ0प्र0।

सेवा में,

जिलाधिकारी / अध्यक्ष परियोजना प्रबन्ध इकाई, बी0आर0जी0एफ0,
जनपद– अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बदायूं, चन्दौली, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, गोण्डा, गोरखपुर, फर्रूखाबाद, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद, कासगंज एवं उन्नाव।

परियोजना प्रबन्ध इकाई (बी0आर0जी0एफ0) लखनऊः दिनांकः 15 जुलाई, 2014

विषयः–पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 की अनुमोदित वार्षिक जिला योजना भारत सरकार को प्रेषित किया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 674/33–3–2014–43/2014 दिनांक 09.04.2014, पत्र सं0 804/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, दिनांक 12.05.2014, पत्र सं0 900/33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, दिनांक 02.06.2014 एवं मुख्य सचिव के पत्र संख्या 1277/33–3–14–37/2014 दिनांक 24.06.2014 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा गाइडलाइन्स के अनुरूप वर्ष 2014–15 की वार्षिक योजना जिला योजना समिति से अनुमोदित कराकर भारत सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिये गये हैं।

2. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा वार्षिक कार्य योजना दिनांक 25.06.2014 तक प्रेषित करने के निर्देश होने के बाद भी मात्र 5 जनपदों–फर्रूखाबाद, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, हमीरपुर एवं बस्ती–द्वारा वार्षिक योजना को जिला योजना समिति से अनुमोदित कराया गया है परन्तु उक्त जनपदों द्वारा अभी तक कार्ययोजना के साथ अन्य अभिलेख (उपभोग प्रमाणपत्र, आडिट रिपोर्ट एवं प्रगति विवरण आदि) परियोजना प्रबन्ध इकाई, कार्यालय को प्रस्तुत नही किये गये हैं।

3. अधिकांश जनपदों में विधान मण्डल के सत्र के कारण जिला योजना समिति की बैठकें नहीं हो पायी है। अब चूंकि विधान मण्डल का सत्र समाप्त हो चुका है, अतः कृपया इस माह के अंत तक जिला योजना समिति की बैठकों में बी0आर0जी0एफ0 की वार्षिक कार्ययोजना

Gen-1

Gen-1

अनुमोदित कराकर भारत सरकार को प्रेषित करने हेतु हार्ड एवं साफ्ट कापी में परियोजना प्रबन्ध इकाई, बी0आर0जी0एफ0 कार्यालय लखनऊ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव/अध्यक्ष,
पी0एम0यू0

पत्रांक : /33–पी0एम0यू0–2014–1284/2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त, बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
3. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पंचायत), बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
4. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत/नोडल अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 को इस निर्देश से कि इस प्रकरण में जिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क कर कार्यवाही समयानुसार कराना सुनिश्चित करें।
5. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
6. पंचायतीराज अनुभाग–3।

(एच0 एस0 चतुर्वेदी)
विशेष सचिव/परियोजना
निदेशक।